INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Study material
Question bank and Grammar	Topic: 6 – दो फूल	Note: Please complete your work.

प्रश्नोत्तर

अति लघु प्रश्न-

1. बेला का फूल कैसा था?
उत्तर= बेला का फूल छोटा-सा था|

2. बेला का फूल किस रंग का था?
उत्तर= बेला का फूल सफ़ेद रंग का था।

3. बेला के फूल की बात सुनकर किसने ठंडी साँस ली?
उत्तर= बेला के फूल की बात सुनकर दूसरे फूल ने ठंडी साँस ली|

4. बूढ़े व्यक्ति ने फूलबाग में जाकर क्या किया?
उत्तर= बूढ़े व्यक्ति ने फूलबाग में जाकर फूलों को तोड़ना शुरू किया।

5. बूढ़े व्यक्ति को फूल तोड़ते देख किसका उत्साह फीका पड़ गया?
उत्तर = बूढ़े व्यक्ति को फूल तोड़ते देख बेला के फूल का उत्साह फीका पड़ गया|

6. बेला का फूल उत्साह से क्यों झूम उठा था?
उत्तर= फूलबाग की खूबसूरती को देखकर बेला का फूल उत्साह से झूम उठा था|

7. छोटा फूल मनुष्यों से दुखी क्यों हो गया था?
उत्तर= छोटा फूल मनुष्यों से दुखी था क्योंकि वे बेरहमी से फूलों को तोड़ रहे थे|

8. लोग फूल तोड़कर क्यों ले जाते होंगे?
उत्तर= पूजा करने या घर को सजाने के लिए लोग फूल तोड़ते हैं|

9. छोटे बच्चे ने फूल के साथ कैसा व्यवहार किया?
उत्तर= छोटे बच्चे ने फूल को अपना दोस्त माना और उसके साथ अच्छा व्यवहार किया|

10. बगीचे में फूल देखकर बच्चा कैसा महसूस करने लगा?
उत्तर = बगीचे में फूल देखकर बच्चा बहुत खुश हो गया।

व्याकरण (Grammar)

1. बहुवचन लिखिए|

1. झूला	-	झूले
2. बूढ़ा	-	बूढ़े
3. बच्चा	-	बच्चे
4. औरत	-	औरतें
5. पत्ता	-	पत्ते
6. डाली	-	डालियाँ
7. पौधा	-	पौधे
8. बगीचा	-	बगीचे
9. कमरा	-	कमरे
10. पंखा	-	पंखे

2. वाक्य में से सही कारक चुनकर लिखिए|

	उत्तर
1. बाग में खुशबू वाला बेला का फूल था|	में, का
2. बाग में हरी घास का कालीन बिछा था|	में, का
3. ज़ोर से हवा चल रही थी|	से
4. क्यारियों में रंग-बिरंगे फूल खिले थे|	में
5. छोटे फूल ने दूसरे फूल को समझाया|	ने, को
6. फूल की ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहा था|	की, का
7. पेड़ की डाली पर तोता बैठा है|	की, पर
8. यह पुनीता की गुड़िया है।	की
9. सीता ने बाज़ार से आम खरीदा|	ने, से
10. तालाब में कमल का फूल है।	में, का

3. दिए गए शब्दों के अंग्रेज़ी अर्थ लिखिए|

फूलबाग़ -	flower garden	सहायक -	helpful
सहसा -	suddenly	रौनक -	splendour
सहमकर -	to be feared	पर्यावरण -	environment
खामोशी -	quiet	बेरहमी -	cruelty

3. उपयुक्त मुहावरों से रिक्त स्थान भरिए।

Fill in the blanks with the appropriate idioms.

फीका पड़ना, आँखें मूँद लेना, खिसक जाना, खुशी का ठिकाना न रहना, ठंडी साँस भरना

(क) पुलिस को देखते ही चोर धीरे-से .....।

(ख) बेला की बात सुनकर दूसरे फूल ने .....।

(ग) फूलों को टूटते देखकर नन्हे फूल का उत्साह .....।

(घ) मोटे आदमी को अपनी तरफ आता देखकर नन्हे फूल ने अपनी..... .....।

(ङ) छोटे बच्चे की उँगलियों का कोमल स्पर्श पाकर फूल की .....|

उत्तर = (क) खिसक गया (ख) ठंडी साँस भरी (ग) फीका पड़ गया
(घ) आँखें मूँद लीं (ङ) खुशी का ठिकाना न रहा

अतिरिक्त प्रश्न - MCQ

1. कौन ख़ामोशी से फूलबाग़ में सब कुछ देख रहा था?
   - *तोता *छोटा फूल
   - *भालू *आम का पेड़

2. सैर करने वाले लोगों की भीड़ कहाँ बढ़ रही थी?
   - *मॉल में *समुद्र तट पर
   - *फूलबाग में *सड़क के किनारे

3. किसने छोटे फूल के दोस्त को तोड़ लिया था?
   - *जादूगर ने *माली ने
   - *पुजारी ने *मोटे आदमी ने

4. बच्चे ने झाड़ियों में क्या देखा?
   - *हीरा *छोटे-छोटे फूल
   - *कीड़ा *शेर

5. नन्हे फूल ने सहमी निगाहों से किसे देखा?

*काँटे को *परी को

*बूढ़े व्यक्ति को *जादूगर को

6. औरत ने फूलबाग में आकर क्या किया?

*सफ़ाई की *बेरहमी से फूलों को तोड़ा

*पेड़ों को तोड़ा *तितलियों को पकड़ा

उत्तर= 1. *छोटा फूल 2. *फूलबाग में 3. *मोटे आदमी ने

4. *छोटे-छोटे फूल 5. *बूढ़े व्यक्ति को 6. *बेरहमी से फूलों को तोड़ा

.....

अनुच्छेद- मेरा देश

मेरे देश का नाम **भारत** है। भारत की राजधानी **नई दिल्ली** है। भारत को **हिंदुस्तान** और **इंडिया** भी कहा जाता है। यह एक सुंदर और विशाल देश है। भारत के प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी जी** हैं। हमारे देश के राष्ट्रीय झंडे का नाम **तिरंगा** है। भारत में हिंदी, तमिल, गुजराती, मराठी, पंजाबी और कई अन्य भाषाएँ बोली जाती हैं। यहाँ सब लोग मिल-जुलकर रहते हैं। भारत में होली, दीपावली, ईद और क्रिसमस आदि त्योहार खुशी से मनाए जाते हैं। मुझे अपने देश भारत से बहुत प्यार है।

चित्र वर्णन

Q. दिए गए चित्र का वर्णन 30 से 40 शब्दों में कीजिए |



.....